<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 73

14 सितंबर, 2020 को उत्तर के लिए

बोकारो इस्पात संयंत्र

73. श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बोकारो इस्पात संयंत्र में अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण भ्रष्टाचार, अनियमितता और नियमों के उल्लंघन के मामले बड़े पैमाने पर प्रकाश में आए हैं;

(ख) यदि हां, तो इनमें से ऐसे कुल कितने मामले हैं जिन पर कार्रवाई की गई है और लंबित मामलों की संख्या तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा भ्रष्ट व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कठोर कार्रवाई की गई है/किए जाने का विचार है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क): बोकारो इस्पात संयंत्र में (31 अगस्त, 2020 तक की स्थिति के अनुसार) 1885 कार्यपालक और 9522 गैर-कार्यपालक (कुल 11407 कर्मचारी) हैं। इसके सतर्कता कार्यालय में इस वर्ष 31 अगस्त तक कथित अनियमितताओं, नियमों के उल्लंघन तथा भ्रष्टाचार इत्यादि सहित विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 77 शिकायतें दर्ज की गई हैं।

(ख): शिकायतों की प्राप्ति और निपटान एक चलते रहने वाली प्रक्रिया है। इस वर्ष अगस्त 2020 तक 5 मामलों में अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है।

(ग): इस वर्ष (31 अगस्त, 2020 तक) 8 कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियाँ (विगत वर्ष(षों) से अग्रेनीत कार्यवाहियों सहित) पूरी की गई हैं, जिनमें उपयुक्त शास्ति लगाई गई है।

****